प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 71/2024)

तत्काल प्रकाशन हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

माननीय संचार राज्य मंत्री ने भादूविप्रा द्वारा आयोजित किये जा रहे दूरसंचार विनियामकों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर, 2024: माननीय संचार राज्य मंत्री (एमओएससी) डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने सुश्री डोरेन बोगदान-मार्टिन, महासचिव, अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू), श्री मैट्स ग्रैनरीड, महानिदेशक, जीएसएमए, श्री अनिल कुमार लाहोटी, अध्यक्ष, भादूविप्रा की उपस्थिति में आज दूरसंचार विनियामकों के एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए, माननीय संचार राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी ने देश में आईसीटी क्षेत्र के शानदार विकास, विशेष रूप से 5जी सेवाओं की तीव्रतम परिनियोजन और देश में डिजिटल प्रौद्योगिकियों को तेज़ी से अपनाए जाने पर प्रकाश डाला। उन्होंने डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास और अनुकूल विनियामक परिवेश और तत्संबंधी कारकों के बारे में भी बताया जो इस तरह के विकास में योगदान करते हैं।

2. उद्घाटन सत्र के दौरान, माननीय संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का संदेश श्री अतुल के. चौधरी, सचिव, भादूविप्रा द्वारा पढ़ा गया। माननीय संचार मंत्री ने अपने संदेश में इस बात पर बल देकर कहा कि विनियामकों पर अपने असंख्य कर्तव्यों के साथ-साथ उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने की भी पवित्र जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे यह भी कहा कि एनटीएन के विकास से नए आयाम खुलेंगे, संचार प्रौद्योगिकियों के क्षितिज का विस्तार होगा और विभिन्न क्षेत्रों में नवीन उपयोग के मामलों और अनुप्रयोगों को बढ़ावा मिलेगा, जो अंततः समाज के व्यापक हित में काम करेगा और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (यूएन एसडीजी) की दिशा में हमारी सामूहिक यात्रा को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने विनियामकों से ओटीटी संचार के लिए रूपरेखा तैयार करने से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का आह्वान किया।

3. उद्घाटन सत्र में वक्ताओं में आईटीयू की महासचिव सुश्री डोरेन बोगदान मार्टिन, जीएसएमए के महानिदेशक श्री मैट्स ग्रैनरीड, भादूविप्रा के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार लाहोटी शामिल थे। इससे पूर्व भादूविप्रा के सचिव श्री अतुल कुमार चौधरी ने सम्मेलन में आए सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। श्री अनिल कुमार लाहोटी, अध्यक्ष, भादूविप्रा ने अपने संबोधन में बताया कि भादूविप्रा वैश्विक स्तर पर और क्षेत्रीय स्तर पर एपीटी/एसएटीआरसी, आसियान आदि जैसे कई मंचों के माध्यम से आईटीयू से संबंधित कई अंतरराष्ट्रीय बहुपक्षीय गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। भादूविप्रा ने आईटीयू, एपीटी और अन्य अंतरराष्ट्रीय विनियामकों के साथ मिलकर भारत और विदेशों में कई सम्मेलनों की मेजबानी की है।

4. यह सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित आईटीयू वर्ल्ड टेलीकॉम मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए-24) और इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी-24) के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है। इन प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए दुनिया भर के आईटीयू सदस्य देशों, नीति निर्माताओं, विनियामकों और अन्य हितधारकों के अलावा दुनिया भर के प्रौद्योगिकी भागीदारों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिनिधि मंडल नई दिल्ली में एकत्रित हुए हैं। इस अवसर का सर्वोत्तम लाभ उठाते हुए, भादूविप्रा इस एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इस सम्मेलन का विषय **'विनियमन में उभरते रुझान'** है और इसमें मानकीकरण में विनियामक परिप्रेक्ष्य, अन्य गैर-स्थलीय नेटवर्क सहित उपग्रह संचार के विनियामक पहलू और ओटीटी संचार सेवाओं के लिए विनियामक दृष्टिकोण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल करने का प्रस्ताव है।

5. उद्घाटन सत्र के दौरान, भादूविप्रा और सऊदी अरब के विनियामक संचार, अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी आयोग (सीएसटी) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करके, दोनों पक्षों ने अपने दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को औपचारिक रूप दिया है और आने वाले दिनों में कई सहयोगी गतिविधियाँ शुरू करेंगे। भादूविप्रा के पास अंतरराष्ट्रीय विनियामकों/संगठनों के साथ 20 से अधिक ऐसे द्विपक्षीय समझौते हैं जो कई विनियामक मुद्दों पर आपसी परामर्श और सहयोग के अवसर प्रदान करते हैं। सुश्री वंदना सेठी, सलाहकार (प्रशासन/आईआर), भादूविप्रा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ उद्घाटन सत्र समाप्त हुआ।

6. किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, सुश्री वंदना सेठी, सलाहकार (प्रशासन/ओआर) से advadmn@trai.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।।

हस्ता0/
(अतुल कुमार चौधरी)
सचिव, भादूविप्रा

******